सपने में हो गया रे कमाल

सपने में हो गया रे कमाल,
मईया जी मेरे घर आ गयी,
मईया जी मेरे घर आ गयी,
शेर पे होके सवार,
मईया जी मेरे घर आ गयी।।

आगे आगे बजरंग बाला,
पीछे पीछे भैरव चाल्या,
बीच में शेर पे सवार,
मईया जी मेरे घर आ गयी,
सपने में हो गया रे कमाल,
मईया जी मेरे घर आ गयी।।

भूल गयी मैं अपनी सुद्ध बुद्ध,
देख के माँ का रूप हो अध्बुद्ध,
एक तक रही थी निहार,
मईया जी मेरे घर आ गयी,
सपने में हो गया रे कमाल,
मईया जी मेरे घर आ गयी।।

भक्तों में था आनंद छा रिया,
रूप देख के माँ का प्यारा,
बोल रहे जय जयकार,
मईया जी मेरे घर आ गयी,
सपने में हो गया रे कमाल,
मईया जी मेरे घर आ गयी।।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24730/title/sapne-me-ho-gaya-re-kamaal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |